हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



## खबर संक्षेप



### एफसी क्लब ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

**राजिम।** एफसी क्लब के तत्वावधान में धूमधाम से भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू सहित प्रणव सिंग्ला, देव भूषण, गोपाल साहू, भानु साहू, मयूर पंजवानी, प्रखर चोपड़ा, शुभम जैन, लीलाधर सिन्हा, बसंत साहू, वसुदेव साहू, श्यामदेव साहू, विशेष साहू, पदुमलाल साहू, उत्तम साहू, जोगेश साहू, गिरीश साहू, भिखम साहू, भोला साहू, रोशन साहू, कमलेश ध्रुव, कमलेश साहू, उमेश साहू, गोलू साहू, रितेश साहू और संतोष यादव मौजूद थे। पूजा के बाद, सभी ने मिलकर विधि-विधान से मूर्ति को महानदी में विसर्जित किया।

### मैनपुर में पैरी गंगा राज मिस्त्री संघ द्वारा नाटक और डांस कार्यक्रम का आयोजन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार की रात पैरी गंगा राज मिस्त्री संघ द्वारा कुम्हड़ीकला उड़ीसा के नाटक एवं डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को देखने मैनपुर नगर मे भारी भीड़ उमड़ पड़ी पहली बार मैनपुर नगर मे इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसके चलते भारी उत्साह देखा गया।

### महाविद्यालय में रसायन शास्त्र परिषद का गठन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन एवं शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र परिषद का गठन किया गया। अध्यक्ष संगीता कैवर्त (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), उपाध्यक्ष प्रतिज्ञा साहू (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), सचिव आकांक्षा पुरोहित (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), सहसचिव जमुना राणा (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), कोषाध्यक्ष किशन यादव (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बिंदिया प्रधान, महेश कुमार भोई (बीएससी प्रथम सेमेस्टर), राजेश्वरी साहू, रितेश प्रधान (बीएससी तृतीय सेमेस्टर), अमरदीप कुमार साव, जयंती तांडी (बीएससी तृतीय वर्ष), प्रियंका बारिक, अमृत बरिहा (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), आंचल सांड, तुषार बढ़ाई (एमएससी तृतीय सेमेस्टर) मनोनीत हुए। शब्या ने परिषद गठन के उद्देश्य के बारे में बताया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के नियमों एवं विभाग द्वारा प्रदत्त सभी दायित्वों को सही ढंग से निर्वहन करने को कहा गया। इस अवसर पर अनिल गुप्ता, पी बाघ आदि मौजूद रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र ....... अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम-बोरसी, प.ह.नं. 18,
तहसील- फिंगेश्वर दिनांक 15/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रेखराज पिता श्री नाथूराम, निवासी-बोरसी, तहसील-फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम-बोरसी, तहसील-फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नंबर 1451/2, 1452, 1454/2 रकबा 0.01, 0.05, 0.01 हे. कुल रकबा 0.07 हे. भूमि को वाणिज्यिक में पुनः निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण किये जाने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से आज दिनांक 15/09/2025 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजिम

---

## जयंती : मुढ़ीपानी में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

# मांग नहीं, बल्कि आदेश करें, ताकि समस्याओं का निराकरण हो : ध्रुवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम मुढ़ीपानी में विश्वकर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई, जिसमें ग्रामीणों और मिस्त्री संघ ने जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर और जिला पंचायत सदस्य लेख राज ध्रुवा शामिल हुए। ग्रामीणों ने फूल-माला और गमछा भेंट कर अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की पूजा-अर्चना के साथ हुई। मिस्त्री संघ की ओर से मंशा राम ने अभिवादन किया और कृष्णा गुप्ता ने मुख्य अतिथि मीरा ठाकुर के लिए अभिनंदन पत्र का वाचन किया। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि मीरा ठाकुर के सामने गांव में सीसी रोड बनवाने की मांग रखी, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। अपने संबोधन में मीरा ठाकुर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, शासन की योजनाओं की जानकारी दी और विश्वकर्मा जयंती का महत्व समझाया। उन्होंने ग्रामीणों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा देते हुए गांव के विकास के लिए 2 लाख की घोषणा की।

### जिला पंचायत सदस्य ने रंग मंच के लिए दिए ₹4 लाख

जिला पंचायत सदस्य लेख राज ध्रुवा के लिए डायमंड दिवान ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया और गांव में एक रंग मंच की मांग रखी। ध्रुवा ने कहा कि वह नेता नहीं, बल्कि जनसेवक हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे उनसे मांग नहीं, बल्कि आदेश करें, ताकि वह उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन की बधाई दी और शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। ध्रुवा ने गांव के लोगों की एकता और सरपंच लता नागेश व उपसरपंच सीमा गुप्ता की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए रंग मंच के लिए 4 लाख की घोषणा की। कार्यक्रम का आभार चैनू राम नेताम ने व्यक्त किया। अंत में, ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में बिमला नागेश (जनपद सदस्य), सुख राम कोमर्रा (जनपद सदस्य), लता नागेश (सरपंच), सीमा गुप्ता (उपसरपंच), चैनू राम नेताम (अध्यक्ष, राज मिस्त्री संघ), जानूराम दिवान, कृष्णा गुप्ता, दयाराम नागेश, मुंशी ठाकुर, दिलीप नागेश, जयराम दिवान, बृज लाल



पटेल, नारायण सिंह ठाकुर, थानेश्वर कंवर, मुक्तेश्वर दिवान, चंदर सिंह, गोकुल ध्रुव, कुलेश्वर निषाद, डायमंड दिवान, मंशा निषाद, आरती निषाद, लीला निषाद, दीपक ध्रुव, लुकेश्वरी दिवान, सावित्री दिवान और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## लोहरसी में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में बुधवार को देवताओं के वास्तुकार और शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हवन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे क्षेत्र में, विभिन्न संस्थानों और दुकानों में भी लोगों ने अपने औजारों की सफाई कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विश्वकर्मा समाज के सदस्यों के साथ-साथ कल-पुर्जों और निर्माण कार्यों से जुड़े संस्थानों और गाड़ियों के शोरूम में भी वैदिक रीति-रिवाजों से भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया और प्रसाद बांटा गया। टिकरापारा चौक के युवा मिस्त्री संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक थे। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की पूजा कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। सभा को संबोधित करते हुए, महाडिक ने कहा कि यदि कोई मानव मात्र पर उपकार करे तो उसकी पूजा करना स्वाभाविक है। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, वास्तुकला, शिल्प कला और तकनीकी कौशल का देवता बताया, जो सभी शिल्पकारों, इंजीनियरों, कारीगरों, बढ़ई और तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के आराध्य देव हैं। उन्होंने युवाओं से एकता बनाए रखने और गांव व देश के विकास में तत्पर रहने का आह्वान किया। साथ ही, मिस्त्री संघ द्वारा रखी गई मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान बलराम साहू, डेरहु साहू, तेजराम निषाद, गिरधर साहू, किसन निषाद, टीकाराम ध्रुव, युगल यादव, गुलशन साहू, गैंद लाल वर्मा, रुपेश साहू, महेंद्र साहू, डोमार यादव, जयंत साहू, कौशल निषाद, नंदेश्वर निर्मलकर, निखिल निर्मलकर, संजू और हुमन साहू सहित मिस्त्री संघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

---

## कुपोषण पर ध्यान देना आवश्यक : सुमित गंडेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पोषण माह के आयोजन अंतर्गत आयुर्वेद विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंडी परिसर मगरलोड में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं सुपोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्थल में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी तथा एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी तीनों ही उपस्थित थे। जिनके द्वारा कुपोषित बच्चों, गर्भवती माताओं एवं जन सामान्य की स्वास्थ्य जांच की गई।आवश्यकता अनुसार बीपी, शुगर जांच आदि की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना डेमू राम साहू, महिला एवं बाल विकास सभापति सरिता कश्यप, जनपद सदस्य द्वय राजेश साहू, हेमलता ध्रुव, जनप्रतिनिधि होरीलाल साहू, डेमु राम साहू उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन कर जिला आयुर्वेद अधिकारी अवध पचौरी ने आयुर्वेद के महत्व एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। परियोजना अधिकारी सुमीत गंडेचा ने बताया कि मगरलोड में कुपोषण पर ध्यान देना आवश्यक है, अतः आज यहां स्वर्णप्रशन एवं पोषण पाउडर वितरण किया जा रहा है। अतिथियों के द्वारा प्रतीक स्वरूप 3 बच्चों को स्वर्ण प्राशन पिलाकर आयुर्वेदिक पौष्टिक लड्डू एवं पोषण पाउडर का वितरण किया गया। इसके साथ ही तीन सुपोषित बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अपने उद्बोधन में जनपद अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य विकास की पहली सीढ़ी है। बच्चों के जन्म के 5 साल तक उसके स्वास्थ्य पर उचित ध्यान दिए जाने से हमारे आने वाली पीढ़ी स्वस्थ एवं सुपोषित होगी, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मीना डेमू राम साहू ने कहा कि माता को बच्चों के साथ-साथ अपने सुपोषण पर भी ध्यान देना आवश्यक है, जिससे वह पूरे परिवार का ध्यान रख सकती हैं। उक्त शिविर में 117 बच्चों को स्वर्ण प्राशन पिलाया गया। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों को बाल संदर्भ योजना अंतर्गत पोषण पाउडर एवं आयुर्वेद विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दवाइयां वितरित की गई। शिविर में 117 बच्चों सहित कुल 241 जनसामान्य लाभान्वित हुए। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की थीम पर आयोजित इससे शिविर का संचालन डॉक्टर खिलेंद्र साहू एवं पर्यवेक्षक श्रद्धा गौतम ने किया, आभार प्रदर्शन आयुर्वेद अधिकारी हेमन साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यवेक्षक लोमस तारम, पद्मिनी बंजारे, सुनीता सोनी, झामीन बिंझेकर, ओमप्रकाश नाग, डोमार बिंझेकर देवम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण, कलेक्टर भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जमीनी स्तर पर नेतृत्व तैयार करने के उद्देश्य संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण उपरांत 15 से 18 सितम्बर 2025 तक प्रत्येक क्लस्टर में एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में कलेक्टर बी एस उईके छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कनसिंघी में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस दौरान एसडीएम छुरा रिशा ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्रामीणों की भी उपस्थित रही। प्रशिक्षण में

आदि कर्मयोगी अभियान के कार्य योजना एवं योजनाओं के सैचुरेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री उइके ने अधिकारी कर्मचारियों को गंभीरता पूर्वक ट्रेनिंग आयोजित कर योजना की जानकारी लोगों को देने के निर्देश दिए। साथ ही योजना के संबंध में सभी गतिविधियों से लोगों को अवगत कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्र के लोगों को शत प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने आदि कर्म योगी अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों की भागीदारिता सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशिक्षण में ग्राम विकास कार्ययोजना, गैप चिन्हांकन एवं योजना संतृप्तिकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसमें विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं सहयोगियों तथा प्रेरक संस्थान (एनजीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण कराया जा रहा है। चिन्हांकित एनजीओ (प्रेरक संस्थान) के साथ समन्वय कर ग्राम विकास की योजना तैयार कर रहे है। साथ ही आदि सेवा केन्द्र संचालन संबंधी आवश्यक जानकारी दी जा रही है।

---

## नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड 9 में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड 9 में भाजपा पार्षद शांति कोसरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में उन्होंने वार्ड की महिलाओं के साथ मिलकर सड़कों की साफ-सफाई की। इस मौके पर शांति कोसरे ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' बनने की दिशा में देश की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में डीआरडीओ लगातार नए फार्मूले अपना रहा है और पांचवीं पीढ़ी का जेट भी बनाने जा रहा है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया, जिसमें पड़ोसी मुल्क के 9 ठिकानों को तबाह कर दर्जनों आतंकवादियों को मार गिराया गया था। कोसरे ने अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ पर भी बात की और कहा कि मोदी जी ने इसका भी समाधान निकाल लिया है। उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी सामानों का अधिक से अधिक उपयोग कर राष्ट्रसेवा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से लोकल सामान खरीदने का आग्रह किया, जिससे देश का पैसा देश में ही रहेगा और आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी की जयंती तक 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नागरिकों को भी सेवा कार्य में योगदान देना चाहिए। इस दौरान पार्षद शांति कोसरे के साथ शीला यादव, भुवनेश्वरी साहू, उर्मिला साहू और बुगला बंजारे समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

---

## राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 16 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम पंचायत दुल्ला में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर किया गया। यहां योजना का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया गया है। इस पोषण माह की प्रमुख थीम है मोटापा नियंत्रण ( कम नमक, कम चीनी, कम तेल ) प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ( पोषण भी पढ़ाई भी ) शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं, पुरुष सहभागिता और एक पेड़ मां के नाम एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा। इस मौके पर जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा की गर्भवती माताओं को खाना पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए, गर्भवती महिलाओं को उपवास नहीं रहना चाहिए, क्योंकि इससे गर्भ में पल रहे बच्चों को जो पोषण मिलता है,वह प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती माताओं को मुन्गा भाजी, लाल भाजी मौसमी सब्जी के साथ फल का सेवन करना चाहिए। इसी कड़ी में महिला बाल विकास के सुपरवाइजर राजेश्वरी जगत ने कहा कि आजकल बच्चे या कमजोर हो रहें हैं या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं, क्योंकि वे ज्यादातर जक फूड और बाहर का खाना पसंद करते हैं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक भोजन जैसे दाल, चांवल, सब्जी और रोटी में लगभग सभी जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं। अगर साथ में मौसमी फल और सलाद भी शामिल किया जाए तो भोजन संतुलित बन जाता है। आगे कहा स्वाद से ज्यादा स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है और घर के बने खाने को रोजाना के भोजन का हिस्सा बनाना चाहिए। सरपंच शशिप्रभा ने कहा शिशु अवस्था से लेकर किशोरावस्था, गर्भावस्था और वृद्धावस्था तक सभी के लिए पोषण अनिवार्य है। उनका कहना था कि राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक कर संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। सचिव उमा दीवान ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य सही खानपान का महत्व समझाया जा सकें। बच्चों में कुपोषण रोकने के लिए जन्म के बाद पहले छह महीने केवल मां का दूध देना जरूरी है। बड़े बच्चों और वयस्कों को फल, हरी सब्जियां,दाल,पनीर, सोयाबीन, अंडा और मछली शामिल करना चाहिए। इस मौके पर उपसरपंच सुरेश शर्मा, विमल ठाकुर, रमेश सहित ग्रामीण महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

---

पेज 11 के शेष...

### तीन माह बाद...

ने बताया कि छठी कक्षा की हिंदी, अंग्रेजी और विज्ञान की किताबें नई आई हैं, जिसके कारण छात्र पुरानी किताबों से भी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

**अधिकारियों की अनदेखी-** इस समस्या को लेकर छात्र और शिक्षक कई बार ब्लॉक से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सभी पाठ्य पुस्तक निगम का मामला बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। इस लापरवाही के कारण बच्चों की पढ़ाई पर जो असर पड़ रहा है, उसका जिम्मेदार कौन होगा, यह एक बड़ा सवाल है।

### उचित मूल्य की...

निरस्त करने की मांग की थी। इसके बाद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, राजिम ने 1 सितंबर 2025 को कार्रवाई करते हुए पुराने आठ सदस्यों को हटाकर नए सदस्यों को जोड़ा। हालांकि, इस जांच में स्टॉक को सही बताया गया। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि यह रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण तरीके से तैयार की गई है। उनका कहना है कि क्लस्टर पदाधिकारियों ने उन पर 2 लाख रुपये के नुकसान की भरपाई करने का दबाव डाला और धमकी दी कि अगर वे पैसे नहीं देंगी तो उन्हें समूह से बाहर कर दिया जाएगा। पांच सदस्यों से जबरन हस्ताक्षर करवाए गए, जबकि एक सदस्य, जो हस्ताक्षर करना जानती हैं, उनसे अंगूठा लगवाया गया।

### सहकारी समिति...

किया। इस वार्षिक आम सभा में भागवत हरित, रामू राम साहू, अश्वनी विश्वकर्मा, धनराज सूर्यवंशी, नत्थू कश्यप, सुनहर यदु, योगेश राजपूत, डोमार ध्रुव, रोशन लाल साहू, मनोज साहू, एम.के. गड़तिया, नत्थू सर्वे, रामेश्वर साहू, विशेलाल साहू, राकेश सिन्हा, अरुण ध्रुवव, अजय वर्मा और मनीष देवांगन सहित सैकड़ों किसान और समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिसाहू राम के...

निर्माण पूर्ण करने के बाद इस त्रुटि का पता चला। जुलाई 2023 में उक्त संबंध में कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत शिकायत के आधार पर जांच के दौरान दोनो हितग्राही के मध्य सहमति बनी थी, कि बिसाहू राम पिता फिरतु राम के नाम से स्वीकृत आवास का लाभ श्री बिसाहू राम पिता गौरसिंह द्वारा ले लिया गया है। अतः श्री बिसाहू राम पिता गौरसिंह के नाम से आवास स्वीकृत होने पर उसका लाभ श्री बिसाहू राम पिता फिरतु राम को दिया जाए। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में बिसाहू राम के नाम से 23 सितम्बर 2024 को आवास स्वीकृत होने के पश्चात प्रथम किश्त की राशि एफटीओ के माध्यम से 40000 रूपये आधार बेस्ड से खाता क्रमांक 11510082081, इंडियन पोस्ट बैंक में 28 फरवरी 2025 को बिसाहू राम पिता फिरतु राम के खाते में अंतरित हुआ है।

### सीईओ ने किया...

गणित प्रयोग शालाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान श्री चंद्राकर ने गौरघाट विद्यालय में बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन भी किया और भोजन की गुणवत्ता की जांच की। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, महेश पटेल, विकासखंड स्रोत समन्वयक शिव कुमार नाग, विनोबा एप प्रभारी शुभम पटेल एवं डीपीवो व्यंकटेश साहू उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने मैनपुर क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर पहुंचे जहां बिहान योजना संगठन के महिलाओं से चर्चा किया साथ ही शासन की योजनाओं की समीक्षा किया इस दौरान ग्राम संगठन अध्यक्ष रेखा नेगी, टिकेश्वरी मरकाम, कला नेताम, राधा बाई, भुनेश्वरी, खेलन दिवान, परमेश्वर नेगी, त्रिवेन्द्र नागेश, देवी नेताम, रामभरोसा एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### क्षेत्र में क्वांर नवरात्र की तैयारी जोरों पर

**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व को लेकर अंचल के गांवों में सार्वजानिक नवदुर्गा उत्सव समिति तथा पंडालों में समितियों द्वारा रंग मंच चबूतरा की साफ-सफाई, रंग पोताई व पंडाल बनाने की तैयारी की जा रही है। इसी तरह ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर निर्माणाधीन वैष्णो देवी मंदिर परिसर में नवरात्र पर्व मनाने समिति के लोग इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 मांग नहीं, बल्कि आदेश करें, ताकि समस्याओं...


12 राजिम-डोंगरगढ़ ट्रेन, पहले दिन मुफ्त सफर...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# बर्तन के बाद बांस के आभूषणों से सशक्त होगी विशेष पिछड़ी कमार जनजाति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर में रहने वाली विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग, जो अपनी आजीविका के लिए बांस से बने बर्तनों पर निर्भर हैं, अब बांस से आभूषण बनाना सीख रहे हैं। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन की पहल पर यह प्रयास किया जा रहा है ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। तहसील मुख्यालय मैनपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर ग्राम कठवा में पांच गांवों के कमार समुदाय के महिला-पुरुषों के लिए बांस से आभूषण बनाने की एक कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए असम से नीरा शर्मा आई हैं, जिन्हें प्यार से 'बैंबू लेडी ऑफ इंडिया' भी कहा जाता है। वह न केवल आभूषण बनाने की कला सिखा रही हैं, बल्कि लोगों को बांस रोपण के लिए भी प्रोत्साहित कर रही हैं। वर्तमान में, कमार जनजाति के लोग बांस के बर्तन बनाकर मैनपुर के साप्ताहिक बाजार में बेचते हैं। अब बांस से विभिन्न प्रकार के आभूषणों का निर्माण किया जा रहा है। उम्मीद है कि इन आभूषणों की मांग बड़े शहरों में होगी और अधिक दाम मिलने से कमार जनजाति आर्थिक रूप से और मजबूत होगी।



## कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत मे वन विभाग द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण



### 1200 बांस के पौधों का रोपण किया गया

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि विश्व बांस दिवस के अवसर पर 1200 बांस के पौधों का रोपण किया गया है। बांस हस्तकला को बढ़ावा देने और कमार जनजाति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यह तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि कमार समुदाय के लोगों में बांस के आभूषण बनाने के प्रति काफी उत्साह है और वे जल्द ही इस कला में निपुण हो जाएंगे। इस मौके पर सरपंच बनसिंह सोरी, एसडीओ गोपाल कश्यप, वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरसिंह ठाकुर, नारायण सिंह, प्रेमलाल ध्रुव और बड़ी संख्या में कमार जनजाति के लोग उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### ऑपरेशन निश्चय के तहत 73 आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में ''ऑपरेशन निश्चय'' के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। तड़के सुबह 5 बजे से पुलिस की 33 टीमों ने जिले के 52 से अधिक संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 05 आरोपियों को नशे का सामान बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इनके पास से 6.450 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। 30 आरोपी अवैध शराब बिक्री करते पाए गए, जिनसे 283.610 लीटर शराब जब्त की गई। वहीं 38 आरोपियों पर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। साथ ही पुलिस ने 1 स्थायी वारंटी को भी तामिल किया। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर शिकंजा कसने यह अभियान लगातार जारी रहेगा। ''ऑपरेशन निश्चय'' का मकसद समाज में शांति, कानून व्यवस्था और नशे के कारोबार पर रोक लगाना है।

### एमएसएमई के लिए बाजार विकास कार्यशाला 22 को

**गरियाबंद।** रैम्प योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने एवं उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पर जुड़ने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 22 सितम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला में जेम पोर्टल पर पंजीकरण और निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास एवं डिजिटल ब्रांडिंग, एमएसएमई इकाइयों के लिए सरकारी लाभों की जानकारी, ई-कॉमर्स मार्केटिंग रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में जिले के अधिकारी कर्मचारी तथा इच्छुक उद्यमी एवं लाभार्थी भाग ले सकते है।

### अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी का प्रभार संभालेंगे पंकज डाहिरे

**गरियाबंद।** प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिकोण से कलेक्टर बीएस उईके ने राजस्व अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन किया है। जारी आदेश अनुसार पंकज डाहिरे को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी का प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत के जिले से स्थानांतरण पश्चात अपर कलेक्टर नवीन भगत को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा सहायक संचालक लोकेश्वर पटेल को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग का प्रभार दिया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी के लोकेश यादव उम्र 31 वर्ष ने नीम पेड़ के टहनी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं वह गरीब परिवार से था। पुलिस की मौजूदगी में लाश नीचे उतरवाया गया, पंचनामा की गई और पोस्ट मार्टम के लिए रवाना किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दी गई।

## विंडबना : मैनपुर के स्कूलों में किताबों की किल्लत

# तीन माह बाद भी विद्यालयों में नहीं पहुंची है पूरी पाठ्यपुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

शिक्षा सत्र शुरू हुए तीन महीने से ज़्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के स्कूलों में अभी तक सभी छात्रों को पूरी तरह से मुफ्त पाठ्यपुस्तकें नहीं मिल पाई हैं। पाठ्य पुस्तक निगम के दावों के बावजूद, 22 सितंबर से शुरू होने वाली त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा से पहले भी छात्र बिना किताबों के पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कई कक्षाओं की महत्वपूर्ण किताबें अभी तक छात्रों तक नहीं पहुंची हैं। कक्षा छठी में हिंदी, अंग्रेजी और विज्ञान, सातवीं में संस्कृत, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान, और आठवीं में विज्ञान व सामाजिक विज्ञान (भाग-1) की किताबें नहीं मिली हैं। कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्रों के लिए अंग्रेजी की किताब पूरे विकासखंड में उपलब्ध नहीं है, जिससे उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शिक्षकों ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ आठवीं में विज्ञान व सामाजिक विज्ञान की किताबें नहीं मिली

## त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी अधूरी





### किताबें वितरित हो जानी चाहिए थी

विधायक जनक ध्रुव- बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है कि तीन महीने बाद भी छात्रों को किताबें नहीं मिली हैं, जबकि शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही किताबें वितरित हो जानी चाहिए थीं।

### जल्द ही वितरण कर दिया जाएगा

ब्लॉक समन्वयक शिव कुमार नागे - राजीव गांधी सर्व शिक्षा मिशन के ब्लॉक समन्वयक शिव कुमार नागे ने बताया कि किताबें लेने के लिए कर्मचारी जिला मुख्यालय गए हुए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी किताबें आज ही आ जाएंगी और कल तक सभी छात्रों को वितरित कर दी जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ विषयों की किताबें कुछ स्कूलों में ही नहीं बंटी हैं और जल्द ही उनका वितरण कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि 22 सितंबर से त्रैमासिक मूल्यांकन शुरू होगा।

# उचित मूल्य की दुकान में अनियमितता का आरोप महिलाएं पहुंची कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत कुण्डेल में स्थित उचित मूल्य की दुकान, जिसे ताज महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है, पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। समूह की आठ महिला सदस्यों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को आवेदन दिया है। आवेदिकाओं का आरोप है कि समूह के अध्यक्ष और सचिव सितंबर 2023 से दुकान का संचालन कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने पिछले एक साल से न तो आय-व्यय का ब्यौरा दिया और न ही अनाज वितरण से संबंधित रजिस्टरों की जानकारी साझा की। इसके अलावा, इस दौरान कोई भी बैठक आयोजित नहीं की गई और बाकी आठ सदस्यों को दुकान के संचालन से अलग कर दिया गया। यह मामला तब और गंभीर हो गया जब खाद्य विभाग की एक जांच में करीब 35 क्विंटल अनाज का नुकसान पाया गया। हालांकि, आरोप है कि दबाव में आकर अध्यक्ष और सचिव के पक्ष में रजिस्टरों को सही ठहरा दिया गया। आक्रोशित सदस्यों ने 15 जुलाई 2025 को कलेक्टर जनदर्शन में दुकान को ▸▸ शेष पेज 10 पर



### कार्रवाई की मांग की

पीड़ित सदस्यों ने शुक्रवार को सीईओ फिंगेश्वर और अनुविभागीय अधिकारी राजिम से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि वे आज भी ताज महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं और उनका बैंक खाता भी सक्रिय है। उन्होंने प्रशासन से उचित मूल्य की दुकान को तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजिम ने जल्द ही तहसीलदार के नेतृत्व में एक जांच कमेटी गठित कर दस्तावेजों की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# नगर साहू समाज की कार्यकारिणी गठित

**अभनपुर।** अभनपुर नगर साहू समाज का चुनाव सर्वसहमति से सम्पन्न हुआ जिसमे सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी घासुराम साहू को सौपी गई,उपाध्यक्ष अनुज राम साहू ,उपाध्यक्ष महिला श्रीमती रेखा साहू,उपाध्यक्ष महिला मनोनीत श्रीमती रेशमी साहू,संगठन सचिव देवनारायण साहू,संगठन सचिव श्रीमति सुरेखा मृत्युंजय साहू बनी। इस अवसर पर पार्षद मीना साहू,रूपनारायण साहू,टिकेश साहू, प्रकाश साहू,किरण साहू,देवंतीन साहू,राम साहू,राधे साहू,सीताराम साहू,मुरली साहू, भूखन साहू समेत समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सभी ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और समाज के एकजुट होकर प्रगति की दिशा में आगे बढने की बात कही।



### जिला सांस्कृतिक महोत्सव आज से

**अभनपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर खोरपा मे दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 20 एवं 21 सितम्बर को पीएम श्री सेजेस मे रखा गया है। प्रधानाचार्य भागवत साहू ने जानकारी देते बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू होगे वही अध्यक्षता प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक,विशेष अतिथि मे जपं.अध्यक्ष चंनद्रिका बंजारे,जिपं.सदस्य अन्नु तारक,उपाध्यक्ष खेलू साहू,ग्राम भारती रायपुर अध्यक्ष पुनाराम वर्मा,अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रांत संयोजक प्रभात मिश्र सहित अन्य अतिथिगण शामिल होगे। महोत्सव मे प्रश्नमंच प्रतियोगिता,गायन,मूर्तिकला सहित 14-15 विधा के कार्यक्रम संपन्न होगे जिसमे 3 दर्जन से अधिक गांवो के बच्चे शामिल होगे।

## सहकारी समिति फिंगेश्वर की वार्षिक आम सभा हुई

# सहकारी समिति का सभी सदस्यों को उठाना चाहिए लाभ : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

प्राथमिक कृषि सहकारी समिति फिंगेश्वर (पंजीयन क्रमांक 685) की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने अन्य अतिथियों के साथ पूजा-अर्चना कर किया। रामूराम साहू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी समिति किसानों की अपनी संस्था है और सभी सदस्यों को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने समिति द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं, जैसे बीज, खाद और नगद राशि, के साथ-साथ धान खरीदी के महत्वपूर्ण कार्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समिति किसानों के लिए है और किसानों के हित के लिए ही काम करती है।

**सरकार की योजनाओं से किसानों को लाभ-** वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व संचालक भागवत हरित ने कहा कि सरकार सहकारी समिति के माध्यम से किसानों के हित में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष किसानों का धान बिना किसी परेशानी के खरीदा गया, जिससे समिति की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों के खाद और नगद राशि पर लगने वाले ब्याज का भुगतान कर रही है। प्राधिकृत अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, किसान समिति के अध्यक्ष योगेश राजपूत और सुखदेव साहू ने भी सभा को संबोधित किया। प्रारंभ में, समिति के व्यवस्थापक मनोज साहू ने समिति के लाभ-हानि और बजट का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान किसानों ने कई प्रस्ताव भी रखे, जिनका सभी ने ताली बजाकर समर्थन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों को अतिथियों द्वारा गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रबंधक मनोज साहू ने ▸▸ शेष पेज 10 पर



## सीईओ ने वस्तुस्थिति की दी जानकारी

# बिसाहू राम के पीएम आवास का नींव खुदाई कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद/रसेला

खबर का असर

ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा के आश्रित ग्राम हीराबतर में प्रधानमंत्री आवास हितग्राही बिसाहू राम गोंड़ पिता फिरतु राम को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिल पाने की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद जनपद पंचायत छुरा के सीईओ ने वस्तुस्थिति की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि ग्राम हीराबतर के बिसाहू राम पिता फिरतु राम के पीएम आवास का नीव खुदाई कार्य प्रारंभ हो गया है। आवास कार्य तेजी से पूर्ण की जाएगी। सीईओ जनपद छुरा ने पूरे मामले के बारे में बताया कि आवास के संबंध में पूर्व में जनपद पंचायत छुरा द्वारा टीम गठित कर दो बार जांच किया जा चुका है। जिसके अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गतं ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा में वर्ष 2016-17 में हितग्राही बिसाहू राम पिता फिरतु राम का आवास स्वीकृत हुआ था किन्तु लिपीकीय त्रुटिवश बिसाहू राम पिता गौरसिंग के खाते में प्रथम किश्त की राशि अंतरित हो गया। बिसाहू राम पिता गौरसिंग के द्वारा आवास निर्माण पूर्ण किये जाने के पांच वर्ष पश्चात हितग्राही बिसाहू राम पिता फिरतु राम के द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके परिपालन में जनपद पंचायत छुरा के द्वारा 31 जुलाई 2023 के द्वारा जांच दल गठित कर जांच संपादन किया गया। जिसमें पाया गया कि वर्ष 2016-17 में कार्यरत तत्कालीन सचिव स्व. श्री लेखराम ध्रुव एवं तत्कालीन आवास मित्र स्व. अमृत लाल साहू के द्वारा त्रुटिवश ग्राम पंचायत के बिसाहू पिता फिरतु राम के स्थान पर अन्य हितग्राही बिसाहू राम पिता गौरसिंग के दस्तावेज जमा करने के कारण बिसाहू राम पिता फिरतु राम के प्रथम किश्त की राशि बिसाहू राम पिता गौरसिंग के खाते में प्रथम किश्त की राशि अंतरित हो गया। तथा उनके द्वारा आवास ▸▸ शेष पेज 10 पर



### पंचनामा तैयार

प्रथम किश्त की राशि प्राप्त होने के पश्चात ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, आवास मित्र के माध्यम से बार-बार आवास प्रारंभ किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। परन्तु बिसाहू राम के द्वारा आवास प्रारंभ नहीं किया गया। 16 सितम्बर 2025 को पुनः, सरपंच, सचिव, आवास मित्र एवं समस्त पंच गणो की उपस्थिति में बिसाहू राम पिता फिरतु राम के आवास का नीव खुदाई कार्य प्रारंभ कराया गया। इस संबंध में ग्राम पंचायत से पंचनामा तैयार किया गया जिसमें बिसाहू राम पिता फिरतु राम के द्वारा आवास निर्माण कार्य पुर्ण किये जाने हेतु बयान दिया गया, आवास अधूरा होने की स्थिति में स्वयं जिम्मेदार होने की लिखित बयान सभी के समक्ष दर्ज किया गया है।

# सीईओ ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने मैनपुर विकासखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की पढ़ाई की प्रगति तथा विद्यालयों की अन्य गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ श्री चंद्राकर ने हायर सेकंडरी स्कूल धवलपुर में कक्ष 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए मासिक मूल्यांकन परिणामों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी पर विशेष बल देते हुए अंग्रेजी विषय पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इस दौरान विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा विनोबा एप में नियमित एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने मैनपुर विकासखंड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय में पठन, पाठन एवं लेखन की दक्षता की जांच की तथा विद्यार्थियों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से त्रिकोण एवं त्रिकोणमिति से संबंधित विषयों पर चर्चा की और विज्ञान एवं ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ विद्यार्थियों संग किया मध्यान्ह भोजन

## खबर संक्षेप



### रजत जयंती वर्ष पर छुरा में स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ

**छुरा।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर, नगर पंचायत छुरा में 19 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष को चिह्नित करने के लिए किया गया है। सप्ताह के पहले दिन, 19 सितंबर को, स्वच्छता में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें स्वच्छ वॉकथान और साइक्लोथोन शामिल थे। साथ ही, वार्ड क्रमांक 10 के महादेव घाट के पास एक विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष, सभी पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अन्य अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

### प्रधानमंत्री के 75वें जन्मोत्सव पर किया गया पौधारोपण



**छुईहा बेलर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर, ग्राम बारूला में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने पूरे गांव की साफ-सफाई की। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत बारूला के माध्यमिक विद्यालय परिसर और आंगनबाड़ी में आयोजित किया गया, जहां स्वच्छता अभियान के साथ-साथ पौधा रोपण भी किया गया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत के सरपंच सुखदेव राम साहू, उपसरपंच उत्तम कुमार सोनवानी, पंचगण और अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निधन

### शैलेन्द्री मरकाम



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम लेड़ीबहार आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता कुमारी शैलेन्द्री मरकाम 31 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## यात्रियों ने कहा- पहला दिवस राजिम से डोंगरगढ़ मेमु ट्रेन की यात्रा मजेदार रही

# राजिम-डोंगरगढ़ ट्रेन, पहले दिन मुफ्त सफर का छात्रों और युवाओं सहित ग्रामीणों ने उठाया लाभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मेमु ट्रेन के शुभारंभ के दूसरे दिवस शुक्रवार को शहर के हर चौक-चौराहो,गलियो,दुकानो एवं बाजार में चर्चा का विषय बना रहा। इस ट्रेन के शुभारंभ को लेकर पूरे शहरवासियो में काफी खुशी का वातावरण देखा जा रहा है। पहला दिवस जिन्होने भी इस ट्रेन में बैठकर अभनपुर-रायपुर-दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ तक सफर का आनंद लिया वे इसकी जमकर तारीफ कर रहे है। राजिम से सीधे डोंगरगढ़ तक की यात्रा पहला दिवस रेल्वे ने फ्री कर रखा था लिहाजा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, युवक-युवतियां व ग्रामीण क्षेत्र के लोग सवार थे। इनमें से कितनो ही यात्री ऐसे भी थे जो कभी ट्रेन बैठे नहीं थे उन्हें यह अवसर मिला वो भी फ्री में। इससे हर किसी के चेहरे पर उमंग और उल्लास देखा गया। देर रात लौटकर आने पर इनमें से कुछ लोगों ने चर्चा करते हुए बताया कि ये मेमु ट्रेन काफी आरामदायक होने के साथ ही सुविधाजनक है जो इस क्षेत्र के लिए आगे चलकर मील का पत्थर साबित होगी। ट्रेन शुभारंभ अवसर पर शहर के समाजसेवी नीता धीवर, पदमिनी सोनी, शशि ठाकुर, सुजाता सोना, रानी पटेल, रामबाई कंसारी, गीता राजपूत,किरन सोनी जैसी अनेको मातृशक्तियां सीएम विष्णुदेव साय का फुलो की पंखुडियों से स्वागत कर अपने आपको गौरवान्वित महसुस की है। ये मातृशक्तियां नया मेमु ट्रेन का पुष्पो की बौछार करते हुए स्वागत किया। कहा कि इस समूचे क्षेत्र के लिए यह खुशी का अवसर है। यात्री अब राजिम से देश के किसी भी कोने में जा सकते है। यहां रिजर्वेशन की सुविधा उपलब्ध है। महानदी किनारे सर्वसुविधायुक्त रेल्वे स्टेशन शहर के विकास में चार चांद लगा दिया है। कभी अंधेरे में रहने वाला यह ईलाका बिजली की रौशनी से जगमगा उठा है। शुक्रवार शाम को स्टेशन मास्टर गोपीनाथ गरडिया ने बताया कि राजिम स्टेशन से दिल्ली, बिहार, जम्मु कश्मीर, मुंबई, नागपुर, टाटानगर, युपी, एमपी के लिए रिजर्वेशन हुआ है। इससे लग रहा है कि आने वाले समय में रेल्वे को यहां से अच्छा रिस्पांश मिलेगा। बता दें कि बस किराया की बनिस्बद इस मेमु ट्रेन में किराया दर बहुत कम रखा गया है। यात्री 10 रूपए में अभनपुर और 15 रूपए में रायपुर तक यात्रा कर सकेंगे।

### शहर की मातृशक्तियां अपने आप में गौरवान्वित महसूस कर रही



#### रायपुर से सुबह 4:45 बजे राजिम के लिए रवाना होगी

बहरहाल राजिम से रायपुर के लिए सुनिश्चित किए गए टाइमिंग के मुताबिक रायपुर रेल्वे स्टेशन से सुबह 4:45 बजे राजिम के लिए रवाना होगी जो मंदिर हसौद, सीबीडी, केंद्री,अभनपुर, मानिकचौरी होते हुए 6:20 बजे राजिम पहुंचेगी। मतलब राजिम-रायपुर की दूरी 1 घंटा 35 मिनट में पूरी करेगी। दूसरा ट्रेन रायपुर से 9 बजे छुटेगी जो 10:35 को राजिम पहुंचेगी और तीसरा टाइमिंग शाम 4:20 बजे रायपुर से छुटकर 6 बजे राजिम पहुंचेगी। ठीक इसी तरह राजिम से सुबह 6:45 बजे रायपुर के लिए रवाना होगी जो 8:20 बजे रायपुर पहुंचेगी। दूसरा टाइमिंग 11 बजकर 10 मिनट में राजिम से रायपुर के लिए जो ट्रेन निकलेगी वह 12:45 को रायपुर पहुंचेगी। तीसरा टाइमिंग शाम 6:30 बजे छुटेगी वह रात 8:15 बजे रायपुर टच करेगी। ये सभी टाइमिंग क्षेत्र के यात्रियो के लिए काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है।

## जिले की 2 छात्राओं ने विज्ञान अनुसंधान यात्रा में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 18 सितंबर 2025 तक आयोजित 'विज्ञान अनुसंधान यात्रा' में गरियाबंद जिले की दो छात्राओं ने भाग लिया। इस यात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से विज्ञान क्विज के माध्यम से चयनित कुल 54 छात्राओं और 9 जोन प्रभारी शिक्षिकाओं को शामिल किया गया था। गरियाबंद जिले से शा.उ.मा.वि. कौन्दकेरा की तनिषा साहू और लुकेश्वरी साहू का चयन इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए हुआ। रायपुर जोन की प्रभारी व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि इस जोन से गरियाबंद, रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद और धमतरी जिलों की छात्राएं शामिल रहीं। इस पांच



दिवसीय यात्रा का शुभारंभ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. सपन कर्माकर ने रीजनल साइंस सेंटर रायपुर से किया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से परिचित कराना और उनमें वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना था। इस दौरान छात्राओं ने कोलकाता में स्थित बिरला प्लेनेटरियम, एस.एन. बोस इंस्टीट्यूट ऑफ बेसिक साइंस, साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स और साइंस सिटी का शैक्षिक भ्रमण किया। यात्रा के दौरान छात्राओं को कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक विषयों की जानकारी दी गई, जिनमें तारामंडल, रमन प्रभाव, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी, परम शून्य ताप पर हीलियम का द्रवीकरण, डीएनए की प्रोटॉन बॉन्डिंग, लाइट-मैटर इंटरैक्शन, रडार प्रणाली, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक चिप और नासा के मानवरहित यान वाइजर शामिल हैं। यह पूरी यात्रा शैक्षिक अनुसंधान परिषद के अतिरिक्त संचालक जे.पी. रथ के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उनके साथ के.के. शुक्ला, ओ.पी. मिश्रा (सहायक प्राध्यापक), डॉ. वसीम रजा (वरिष्ठ वैज्ञानिक) और डॉ. चंद्रवंशी (वैज्ञानिक डी) ने नेतृत्व प्रदान किया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, सहायक परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह, संस्था के प्राचार्य एम.आर. रात्रे, विज्ञान नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा और अटल टिंकरिंग लैब के मेंटर शिक्षकों सतीश मालवीय व रितेश पटेल ने छात्राओं को बधाई दी और भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## पीएम आवास को लेकर प्रशासन मुस्तैद रात में गांव-गांव लग रही है जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



सरकार के महत्वपूर्ण योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र मे आवास निर्माण कार्य तेज गति से हो इसके लिए मैनपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री श्वेता वर्मा के नेतृत्व मे लगातार जनपद पंचायत की पूरी टीम गांव गांव पहुंचकर दिन और रात के समय चौपाल लगाकर लोगों से सीधा संवाद कर रहे है और आवास निर्माण कार्य मे तेजी लाने हर संभव कार्य किया जा रहा है। वंचित वर्ग को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की अत्यंत महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना को और ज्यादा अपेक्षित गति प्रदान करने के उद्देश्य से आवास संपूर्णता अभियान के तहत गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर एवं सीईओ जिला पंचायत प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है इस अभियान के तहत ब्लॉक मैनपुर के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से जन चौपाल आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में सीईओ जनपद पंचायत सुश्री श्वेता वर्मा द्वारा बताया गया कि इन जन चौपालों में अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु हितग्राहियों को प्रेरित किया जा रहा है इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है जिन पंचायतों में दिन में लोग इकट्ठे नहीं हो पा रहे हैं वहां रात्रिकालीन जन चौपाल भी लगाया जा रहा है।

## सेकेंडरी लेवल का विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**छुरा।** बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विविध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह के निर्देशन में चरणबद्ध रूप से गणित/विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता बालक उच्चतर माध्यमिक शाला छुरा में संपन्न हुआ। बाल वैज्ञानिकों ने कई चरणों में चले प्रश्नों का आनंद लिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतावले, बीआरसी हरीश देवांगन के कुशल नेतृत्व में प्रतिस्पर्धा संपन्न हुआ। प्राचार्य विनोद कुमार देवांगन ने कहा कि क्विज, बच्चों के ज्ञान और समझ के आकलन प्रभावी तरीका है। इससे गणित, विज्ञान विषय पर कला कौशल प्रदर्शन का मौका मिलता है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान बाल



प्रतिभाओं के अंदर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एलिमेंट्री लेवल के जिला नोडल अर्जुन धनंजय सिन्हा ने मजेदार गणितीय ट्रीक के माध्यम से सदन को जोड़े रखा। आभार प्रदर्शन प्रवीण द्विवेदी ने किया। विकासखंड नोडल हेमंत कुमार तिवारी, कैलाश पटेल, प्रीतम साहू निर्णायक रहे। वैकल्पिक राउंड, पासिंग राउंड और बजर राउंड में सबसे रोचक पासिंग राउंड रहा। ऋणात्मक अंक के डर से प्रश्न पास करते देखे गए। गणित के प्रश्नों में बच्चों के चेहरे खिले जाते, तो रसायन के प्रश्नों में प्रतिभागी उलझे हुए नजर आए। बच्चों ने जवाब देने के बजाय पास करना ज्यादा उचित समझा। विज्ञान विषय पर आनंद के साथ उत्तर देते दिखाई दिए। गीतलाल साहू, अमित सिन्हा स्कोरर एवं रेणु देवांगन ने समय प्रबंधन में विशेष सहयोग प्रदान किया। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में सेजेश हिन्दी छुरा के छात्र राहुल कुमार दीवान प्रथम, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुरा की छात्रा रश्मि देवांगन द्वितीय, शास. उच्चतर माध्यमिक शाला साजापाली से युष्मा ध्रुव तृतीय एवं सेजेश अंग्रेजी से चारु साहू चतुर्थ स्थान अर्जित किए। कार्यक्रम में प्रवीण द्विवेदी, लीलाराम सिन्हा, रोशन ध्रुव, के.एल. साहू, सूरज कुमार साहू, स्वाति वर्मा, एच.पी. साहू, भुनेश्वरी, हेमप्रभा वर्मा, चंद्रप्रभा सेन सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मंडी प्रांगण में किया गया नवाखाई सम्मेलन

**मैनपुर।** सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग द्वारा नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन देवभोग मंडी प्रांगण में रखा गया था। कार्यक्रम की शुरुआत बूढ़ादेव, पेन शक्ति की पूजा अर्चना करके की गई पश्चात एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान का नारा लगाया गया आए हुए समाज के वरिष्ठ अतिथियों का पिला चांवल और गमछा के साथ स्वागत किया गया कार्यक्रम के दौरान कोरिया पत्ता में चिवड़ा गुड़ का प्रसाद सभी लोग एक साथ बैठकर नवाखाई मनाया गया साथ ही सबके मनोरंजन के लिए आदिवासी पारंपरिक सांस—तिक कार्यक्रम भी आयोजन रखा गया था कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज प्रमुख बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, लोकेश्वरी नेताम, जनपद अध्यक्ष मैनपुर मोहना नेताम, गोंडवाना गोंड महासभा



महासचिव लोकेंद्र कोमर्रा, दयाराम मांझी जिलाध्यक्ष गोंडवाना संघ, अमलीपदर सरपंच हेमो बाई नागेश, धरनीदोड़ा सरपंच विजय मरकाम, सरपंच संघ अध्यक्ष मैनपुर हलमन धुरवा, भूंजिया समाज प्रमुख टीकम नागवंशी, तुलसी मरकाम, अमर ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के लोग एवं युवा प्रभाग महिला पुरूष बच्चे भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। मंच का संचालन कमलेश मांझी एवं आभार व्यक्त युवा प्रभाग के अध्यक्ष भोले मांझी ने किया।



Ajay Advt.

## मैनपुर के स्कूल में मासिक धर्म व स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य शासन के 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत, जिला आयुष अधिकारी के निर्देश पर मैनपुर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) भाटीगढ़ और शासकीय होम्योपैथी औषधालय, मैनपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन बागची ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और संक्रमण



से बचाव के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रिया वर्मा ने छात्राओं को सही आहार, सैनिटरी नैपकिन या मेंस्ट्रुअल कप के उपयोग और उनके उचित निस्तारण के साथ-साथ हाथ धोने की सही विधि के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में 178 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, जिसमें रक्ताल्पता (एनीमिया), बुखार, खांसी और मासिक धर्म की अनियमितता जैसी समस्याएं पाई गईं। इन समस्याओं के उपचार के लिए उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। साथ ही, दिनचर्या और ऋतुचर्या से संबंधित जागरूकता पैम्फलेट भी बांटे गए। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य और सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। स्वास्थ्य जांच में एएनएम नागेश्वरी दीवान, मितानिन सुहागा पांडे और श्रीमती गंगा मरकाम ने सहयोग किया। औषधालय सेवक बालाराम ध्रुव और पीटीएस बरनू राम नेगी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।







